Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

>

Title : Need to construct an over bridge at Jugsalai railway crossing in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

***श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर)** : मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के जुगसलाई रेलवे फाटक पर आये दिन यातायात जाम होते रहते हैं और कई गम्भीर दुर्घटनाएं भी होती रहती है। इस फाटक पर जो रेलवे लाईन है, वह मुख्य रेल मार्गों में से एक है एवं इसी रेलवे फाटक पर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग जमशेदपुर शहर की फैक्ट्रियों में मजदूरी करने रोज आते हैं। इस रेलवे फाटक का जो सड़क मार्ग है, वह काफी व्यस्त रहता है, क्योंकि कई शहरों का यातायात इसी सड़क से होकर जाता है। इस सड़क पर रात के ग्यारह बजे तक यातायात चलता है, परन्तु जुगसलाई रेलवे फाटक के स्थान पर एक ऊपरी पुल बना दिया जाए तो लोगों को राहत मिलेगी और यातायात के आने-जाने में काफी सुगमता होगी।

आप के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जमशेदपुर शहर में टाटा एवं चक्रधरपुर रेलवे प्रखंड में स्थित जुगसलाई पर एक ऊपरी पुल बनाने हेतु शीघ्र कदम उठाए।

* Treated as laid on the Table.